Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 मार्च, 2022

अदावी ब्रांड

केरल में 'नीलांबुर' कस्बे के वन उत्पादों का एक नया ब्रांड लॉन्च किया गया है। जंगली शहद सहित नीलांबुर के आदिवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली लघु वनोपज अब 'अदावी ब्रांड' के तहत बेंचे जाएंगे। जन शिक्षण संस्थान (JSS) और नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) द्वारा संयुक्त रूप से नीलांबुर में आयोजित एक आदिवासी उत्सव में 'अदावी ब्रांड' को लॉन्च किया गया। अदावी ब्रांड 'जन शिक्षण संस्थान' और नाबार्ड द्वारा कार्यान्वित गोत्रमृत परियोजना का एक हिस्सा था। पहले चरण के तहत शुद्ध जंगली शहद के अलावा जंगली शतावरी, आँवले के विभिन्न प्रकार के अचार और आम को भी अदावी ब्रांड के तहत बढ़ावा दिया जाएगा। नीलांबुर कस्बे के आदिवासियों द्वारा गठित 'गोत्रमृत सोसाइटी' इन उत्पादों की बिक्री का नेतृत्व करेगी। नई योजना में 'अदावी उत्पादों' के लिये बेहतर एवं व्यापक बाज़ारों, विशेष रूप से विदेशी बाज़ारों की परिकल्पना की गई है।

केरल में IT कॉरिडोर

कोविड-19 महामारी के बाद आर्थिक रिकवरी सुनिश्चित करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिये केरल के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल ने राज्य के हालिया बजट के दौरान एक नया आईटी पार्क, चार आईटी कॉरिडोर और 20 उपग्रह आईटी हब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के साथ स्थापित होने वाला यह कॉरिडोर बड़े खरीदारी क्षेत्रों, मनोरंजक सुविधाओं और नाइटलाइफ सुविधाओं सहित प्रमुख बुनियादी परियोजनाओं को बढ़ावा देगा। नया आईटी पार्क कन्नूर ज़िले में स्थापित किया जाएगा जिससे इस क्षेत्र के विकास में तेज़ी आएगी।

'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम'

16 मई से 28 मई तक युविका-2022 आवासीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 'युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम' जिसे 'युविका' (YUVIKA) के नाम से भी जाना जाता है, इसरो द्वारा प्रायोजित और भारत के अंतरिक्ष विभाग द्वारा वित्तपोषित एक वार्षिक अंतरिक्ष शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इसरो के पूर्व प्रमुख के. सिवन ने 18 जनवरी, 2019 को इस कार्यक्रम की घोषणा की और इसे चार महीने बाद 17 मई को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना और उनका पोषण करना है। मुख्य रूप से अंतरिक्ष के उभरते क्षेत्र में रुचि जगाने के इरादे से युवाओं को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर मूलभूत ज्ञान प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये हर साल प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से 3 छात्रों का चयन किया जाना प्रस्तावित है। इसमें ऐसे राज्य शामिल होंगे जो CBSE, ICSE और राज्य के पाठ्यक्रम को कवर करते हैं। 8वीं कक्षा में उत्तीर्ण तथा वर्तमान में 9वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्र इस कार्यक्रम के लिये पात्र होंगे। **इसरो** भारत की अग्रणी अंतरिक्ष अन्वेषण एजेंसी है, जिसका मुख्यालय बंगलूरू में है।

कैटलिन नोवाक

प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान की करीबी सहयोगी **कैटलिन नोवाक** को हंगरी की संसद द्वारा **हंगरी की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप** में चुना गया है। नोवाक, जो हाल ही में परिवार नीति मंत्री थीं, ने अपनी जीत को महिलाओं की जीत बताया। उन्होंने संसद में 137 मत हासिल किये। नोवाक, ओर्बन की सत्तारूढ़ फाइड्ज़ पार्टी (Fidesz Party) के सह-संस्थापक जानोस एडर (Janos Ader) का स्थान लेंगी, जिन्होंने वर्ष 2012 से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। ज्ञात हो कि हंगरी यूरोप में स्थित यूरोपीय संघ का एक सदस्य देश है। यहाँ की राजधानी 'बुडापेस्ट' है। हंगरी मध्य यूरोप की **डैन्यूब नदी** के मैदान में स्थित है। इसके उत्तर में चेकोस्लोवाकिया, पूर्व में रोमानिया, दक्षिण में यूगोस्लाविया तथा पश्चिम में ऑस्ट्रिया है। इस देश में समुद्र तट नहीं है। यह आल्प्स पर्वत श्रेणियों से घिरा है। यहाँ कार्पेथिएन पर्वत भी है, जो मैदान को लघु एल्फोल्ड और विशाल एल्फोल्ड नामक भागों में विभक्त करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-march-2022